


# पंचदश बिहार विधान सभा

## चतुर्थ सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-4

वृहस्पतिवार, दिनांक-8 दिसम्बर, 2011 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अपराह्न तक ।

[1] शपथ या प्रतिज्ञान :-

लोकहा विधान सभा क्षेत्र सं०-40 से उपचुनाव में नवनिर्वाचित मा० सदस्य श्री सतीश कुमार साह द्वारा शपथ लिया गया ।

[2] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 04 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।

(iii) 11 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 02 तारांकित प्रश्न क्रमांक 257 एवं 267 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(v) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 268 भवन निर्माण विभाग को स्थानान्तरित ।

(तारांकित प्रश्न सं०-269 के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के सभी मा० सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए)

(vi) 72 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[3] कार्य स्थगन :-

मा० सदस्य श्री सम्राट चौधरी के कार्य स्थगन सूचना को नियमानुकूल नहीं होने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

[4] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(शून्यकाल शुरू होते ही विपक्ष के मा० सदस्यगण वापस सदन में आ गए ।)

(i) श्रीमती लेशी सिंह

(ii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह

(iii) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा

(iv) श्री जनक सिंह

(v) श्री राजकुमार राय

(vi) श्री अरूण शंकर प्रसाद

| | | | |
|---|---|---|---|
| (vii) | श्री विनोद प्रसाद यादव | (viii) | श्रीमती रंजू गीता |
| (ix) | श्री रामायण मांझी | (x) | श्री कृष्णनंदन पासवान |
| (xi) | डॉ॰ इजहार अहमद | (xii) | श्री संजय सिंह 'टाइगर' |
| (xiii) | श्री अख्तरूल ईमान | (xiv) | श्री नौशाद आलम |

[5] **ध्यानाकर्षण सूचना** :-

(i) माननीय सदस्य श्री विनोद प्रसाद यादव एवं अन्य सभासदों का दिनांक 07.12.2011 से स्थगित स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा॰ प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) मा॰ सदस्य श्री आनन्दी प्रसाद यादव एवं अन्य सभासदों के कृषि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा मा॰ मंत्री श्री श्याम रजक द्वारा उत्तर दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री प्रमोद कुमार एवं अन्य सभासदों के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा॰ सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा दिनांक 09.12.2011 तक का समय लिया गया ।

[6] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना** :-

(i) मा॰ मंत्री, श्री नन्द किशोर यादव द्वारा वित्तीय वर्ष 1999-2000, 2000-2001, 2001-2002, 2002-2003 एवं 2003-2004 के अधिकाई व्यय विवरण की प्रति को सदन पटल पर उपस्थापित किया गया ।

(ii) मा॰ मंत्री, श्री नन्द किशोर यादव द्वारा बिहार सरकार के वर्ष 2010-11 के वित्त लेखे भाग-1, वित्त लेखे भाग-2 तथा विनियोग लेखे की प्रति को सदन पटल पर रखा गया तथा इनके जनता में बिक्री का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जो सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(iii) मा॰ सभापति, याचिका समिति श्री श्याम बिहारी प्रसाद द्वारा पंचदश बिहार विधान सभा के याचिका समिति का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(iv) मा॰ सभापति, शून्यकाल समिति श्री अवनीश कुमार सिंह द्वारा पंचदश विधान सभा के शून्यकाल समिति का सप्तम, अष्टम, नवम, दशम एवं एकादश प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

**(भोजनावकाश के बाद)**

**समय 2.00 बजे अप॰ से 5.50 बजे अप॰ तक ।**

[7] **विधायी कार्य** :- **(i) बिहार आकस्मिकता निधि (संशोधन) विधेयक, 2011** :-

माननीय प्रभारी मंत्री, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में सभी खंड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

मा॰ प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । विधेयक सदन द्वारा सर्वसम्मति से पारित हुआ ।

**(ii) बिहार अपार्टमेन्ट स्वामित्व (संशोधन) विधेयक, 2011** :- मा॰ प्रभारी मंत्री श्री प्रेम कुमार द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा॰ सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' द्वारा प्रवर समिति को सौंपने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में खंड-6 में मा॰ सदस्य श्री अख्तरूल ईमान का संशोधन प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ और बारी-बारी से सभी खण्ड विधेयक के अंग बने ।

मा॰ प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । मा॰ नेता प्रतिपक्ष श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा पक्ष रखा गया तथा मा॰ प्रभारी मंत्री एवं मा॰ उप मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर दिया गया । विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

**(iii) बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2011** :- माननीय प्रभारी मंत्री श्री प्रेम कुमार द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' द्वारा प्रवर समिति को सौंपने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ ।

विधेयक पर विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डश: विचार के क्रम में माननीय सदस्य श्री अब्दुल गफूर का खण्ड-5 में संशोधन का प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

मा० प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । मा० नेता प्रतिपक्ष श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा पक्ष रखा गया तथा मा० प्रभारी मंत्री द्वारा उत्तर दिया गया । विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

**(iv) बिहार सहकारी सोसाईटी (संशोधन) विधेयक, 2011** :- मा० प्रभारी मंत्री श्री रामाधार सिंह द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुर:स्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' द्वारा प्रवर समिति को सौंपने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरान्त खण्डश: विचार के क्रम में खण्ड-'4' में मा० सदस्य श्री अख्तरूल ईमान का संशोधन प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । नेता प्रतिपक्ष श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा पक्ष रखा गया तथा मा० प्रभारी मंत्री द्वारा उत्तर दिया गया । विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

**[8] गैर सरकारी संकल्प** :-

(i) 71 गैर सरकारी संकल्प वापस ।
(ii) 01 गैर सरकारी संकल्प स्थानान्तरित ।
(iii) 01 गैर सरकारी संकल्प स्थगित ।
(iv) 10 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ठ ।
(v) 01 गैर सरकारी संकल्प अस्वीकृत ।

गैर सरकारी संकल्प संख्या-27 के निष्तारण के दौरान सदन की अवधि का विस्तार गैर सरकारी संकल्प के समाप्त होने तक सदन द्वारा किया गया ।

गैर सरकारी संकल्प सं०-30 के निष्तारण के दौरान मा० अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह द्वारा आसन ग्रहण किया गया तथा गैर सरकारी संकल्प-57 के निष्तारण के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आसन ग्रहण किया गया ।

**[9] निवेदन** :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 30 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 09.12.2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-08.12.2011

**गिरीश झा**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।